an>

Title: Need to re-conduct the survey of railway link from Bilada to Bar in Rajasthan .

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : माननीय उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे अपने लोक सभा क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारे पूर्व रेल मंत्री श्री राम विलास पासवान जी ने पन्द्रह वर्ष पूर्व बिलाड़ा से बर तक एक मीसिंग लिंक का उद्घाटन किया था। उस मिसिंग लिंक को रेलवे बोर्ड ने स्वीकृति वगैरह सब कुछ दे दिया, लेकिन पिछली यूपीए सरकार में प्लानिंग कमीशन ने यह कहकर उसे निरस्त कर दिया कि वह कमर्शियल वायेबल नहीं है।

मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि कमर्शियल वायेबिलिटी के साथ-साथ सोशल वायेबिलिटी भी देखी जाती है। उसके अलावा जो सर्वे किया गया था, वह करीब पन्द्रह साल पहले किया गया था। अब वहां सीमेंट उद्योग और लाइम स्टोन के उद्योग आ गये हैं। पैसेंजर्स का भी इनफ्लो ज्यादा बढ़ा है और स्ट्रेटेजिकली प्वाइंट ऑफ व्यू से आर्मी वगैरह के लिए भी यह रेल लिंक बहुत जरूरी है। इससे जोधपुर से दिल्ली के लिए बहुत ही सीधा रास्ता बन जायेगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि इसका पुनः सर्वे कराया जाये।

इतना ही नहीं, मेरे लोक सभा क्षेत्र में काफी स्टेशन आते हैं, जिनमें रेलों का ठहराव नहीं होने की वजह से पैसेंजर्स को 50 किलोमीटर पहले उतरकर अपने गंतव्य स्थान पर दूसरा साधन करके जाना पड़ता है, जैसे पीपाड़ रोड़, सोजत, सोमेश्वर, मारवाड़ जंक्शन, रानी, फालना, सुमेरपुर और पाली। यदि इन सबमें दो-दो मिनट महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव हो जाये, तो दक्षिणी भारत से आने वाले ट्रेनों, चूंकि दक्षिण भारत में हमारे बहुत ज्यादा लोग हैं जैसे तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि में हैं। वहां सबसे ज्यादा लोगों का आना जाना रहता है। मेरा उनसे निवेदन है कि वहां जो भी स्टेशन आते हैं, उन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव हो जाये, तो पैसेंजर्स को बहुत सुविधा हो जायेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद।